हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, शनिवार, 25 अक्टूबर 2025

11 दस खिलाड़ियों का राज्य खो-खो टीम में चयन



12 एम्स तक सुविधाएं पहुंचाने को उठाए कदम



## खबर संक्षेप

### फसल ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल 28 अक्तूबर तक खुला

**झज्जर।** डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने बताया कि राज्य सरकार ने खरीफ सीजन के दौरान भारी वर्षा और जलभराव से फसलों को हुए नुकसान को ध्यान में रखते हुए प्रभावित किसानों को राहत दिलाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। सरकार ने ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल को प्रभावित गांवों के दावे अपलोड करने के लिए आगामी 28 अक्तूबर तक खोलने का निर्णय लिया है। जिले के गांव आसौदा सिवान, आसौदा टोडरान, छारा, मांडोठी, रेवाड़ी खेड़ा, भापड़ोदा के किसान पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं।

### लाइनपार में श्री श्याम वंदना महोत्सव आज

**बहादुरगढ़।** लाइनपार के राधे फार्म हाउस में श्री श्याम गुणगान मंडल की ओर से शनिवार को 9वां श्री श्याम वंदना महोत्सव आयोजित किया जा रहा है। मंडल संरक्षक सुनील कुमार व प्रधान अश्वनी वशिष्ठ ने बताया कि मांगेराम अत्री, संस्कृति राजपूत, पंकज सोनी, वेदप्रकाश, सौरभ कौशिक, पंकज शर्मा, निरंजन शर्मा, सुनील रंगा व दीपांशु आदि बाबा की महिमा का गुणगान करेंगे। मनमोहक झांकियां भी आकर्षण का केंद्र होंगी।

### बास्केटबॉल टीम के चयन को ट्रायल कल

**बहादुरगढ़।** झज्जर जिला बास्केटबॉल टीम (पुरुष व महिला वर्ग) के चयन ट्रायल रविवार को सुबह 10 बजे बीएसएम सीनियर सेकेंडरी स्कूल बहादुरगढ़ में होंगे। खिलाड़ियों को आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र (जन्म के तीन वर्ष के भीतर जारी) और तीन पासपोर्ट फोटो साथ लाने होंगे। गौरव सांगवान ने बताया कि चयनित खिलाड़ी 57वीं हरियाणा सीनियर स्टेट बास्केटबॉल चैंपियनशिप में हिस्सा लेंगे, जो 15 से 17 नवंबर तक भिवानी के भीम स्टेडियम में होगी। केवल जिले में रहने, पढ़ने या कार्यरत खिलाड़ी ही भाग ले सकेंगे।

### अकेहड़ी मदनपुर पंप हाउस से मिला अज्ञात शव

**झज्जर।** क्षेत्र के अकेहड़ी मदनपुर पंप हाउस से एक शव बरामद हुआ है। शव की पहचान नहीं हो पाई है। शव की हालत बेहद खराब थी। बाद में पुलिस द्वारा शव को बाहर निकलवाते हुए पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल भिजवाया, लेकिन अब तक शव का पोस्टमार्टम नहीं हो पाया है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में नवजात बच्ची की मौत

**झज्जर।** क्षेत्र के गांव दूबलधन में संदिग्ध परिस्थितियों में एक नवजात बच्ची की मौत हो गई। दूबलधन निवासी अमनदीप के घर करीब ग्यारह दिन पहले एक नवजात बच्ची ने जन्म लिया है। वीरवार को उसकी मां ने बच्ची को दूध पिलाकर सुला दिया। बाद में संभाला तो वह बेसुध थी। परिजन बेरी अस्पताल पहुंचे जहां मृत घोषित कर दिया। जांच अधिकारी संदीप ने बताया कि इत्तफाकिया कार्रवाई की गई है।

---

महिलाओं का 36 घंटे का निर्जला उपवास मंगलवार को उगते सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के बाद होगा समाप्त

# आज से शुरू होगा छठ पर्व घाटों की करवाई सफाई

## झज्जर में प्रवासियों की संख्या अधिक होने से छठ पर्व पर बाजारों व घाटों पर छाई रौनक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

भगवान सूर्य की उपासना के महापर्व छठ पूजा की तैयारियां बहादुरगढ़ में जोरों पर है। छठ पूजा शनिवार को नहाय-खाय के साथ से शुरू हो जाएगी। नहाय-खाय के मौके पर व्रती महिलाएं स्नान और पूजन-अर्चन के बाद कद्दू व चावल के बने प्रसाद को ग्रहण करेंगी। रविवार को छोटी छठ के साथ ही महिलाओं का 36 घंटे का निर्जला व्रत शुरू हो जाएगा। सोमवार को अस्त होते सूर्य और मंगलवार को उगते सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के यह महापर्व संपन्न होगा। झज्जर जिले में प्रवासियों की संख्या ज्यादा होने के कारण यहां भी छठ पर्व की धूम है। बाजारों में खरीदारी के लिए भीड़ देखी गई, वहीं नहर किनारे घाटों की सफाई आदि व्यवस्था बनाने में प्रशासन जुटा हुआ है। कार्तिक महीने के शुक्ल पक्ष के चतुर्थी से सप्तमी तिथि तक आयोजित किया जाने वाला छठ का पर्व वास्तव में सूर्य की उपासना का पर्व है। इसमें सूर्य की पहली किरण और सायंकाल में अंतिम किरण को अर्घ्य देकर सूर्य को नमन किया जाता है। सुख-समृद्धि और मनोवांछित फल देने वाले इस पर्व को पुरुष और महिला समान रूप से मनाते हैं। परंतु आमतौर पर व्रत करने वालों में महिलाओं की संख्या अधिक होती है। कुछ साल पहले तक यह पर्व बिहार, झारखंड और उत्तर प्रदेश के कुछ क्षेत्रों में मनाया जाता था, परंतु अब यहां भी मनाते हैं।



बहादुरगढ़। छठ पर्व की खरीदारी में जुटे पूर्वांचलवासी। फोटो : हरिभूमि

### इस तरह मनाया जाता है त्योहार

छठ पर्व का प्रारंभ 25 अक्टूबर को 'नहाय-खाय' से होगा। शनिवार को व्रती स्नान कर अरवा चावल, चना दाल और कद्दू की सब्जी का भोजन करेंगे। रविवार कार्तिक शुक्ल पक्ष पंचमी को दिनभर व्रती उपवास कर शाम में स्नान कर रोटी और गुड़ से बनी खीर का प्रसाद तैयार कर भगवान भास्कर की अराधना कर ग्रहण करती हैं। इस पूजा को 'खरना' कहा जाता है। सोमवार 27 अक्टूबर को उपवास रखकर शाम को व्रतियां टोकरी में ठेकुआ, फल, ईख समेत अन्य प्रसाद लेकर नदी, तालाब या अन्य जलाशयों में जाकर अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित करेंगे। मंगलवार को सुबह उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर घर वापस लौटकर अन्न-जल ग्रहण कर 'पारण' करेंगे।

### पूर्व विधायक ने परखीं छठ पर्व की तैयारियां

**बहादुरगढ़।** पूर्व विधायक नरेश कौशिक ने शुक्रवार को नहर किनारे बने छठ पूजा घाट पर साफ-सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने सिंचाई विभाग के एसडीओ नवीन जून व जेई पंकज से कहा कि पूजा घाट स्थल पर पानी भरने की व्यवस्था के लिए पंप सेट लगवाए जाएं। उन्होंने नगर परिषद अधिकारियों से भी घाट पर सफाई के साथ ही अन्य व्यवस्था करने के लिए कहा ताकि पूजा-अर्चना करने के लिए किसी तरह की कोई परेशानी न आए। उनके अनुसार हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी छठ पूजा घाट पर पूरी व्यवस्थाएं बनाई जा रही हैं। इस मौके पर शहरी मंडल के पूर्व अध्यक्ष कृष्ण चंद्र, उमेश सहगल, विशाल छिल्लर बराही, कृष्ण मिश्रा आदि मौजूद रहे।



बहादुरगढ़। छठ पूजा घाट पर चल रहे सफाई कार्य का जायजा लेतीं नगर परिषद चेयरपर्सन सरोज राठी व अन्य। फोटो : हरिभूमि

### चेयरपर्सन ने छठ घाट का लिया जायजा

**बहादुरगढ़।** छठ पूजा को लेकर नगर परिषद ने विशेष तैयारी की है। चेयरपर्सन सरोज राठी ने सेक्टर-7 के निकट नहर किनारे बनाए गए छठ पूजा घाट की सफाई का कार्य अपनी देखरेख में करवाया। शुक्रवार को चेयरपर्सन सरोज राठी ने पार्षद ज्योति रोहिल्ला के साथ सफाई कार्य का जायजा लिया। करीब 15 सफाई कर्मचारियों ने जेसीबी की मदद से नहर किनारे सफाई की। यहां लाइटों की भी पर्याप्त व्यवस्था की जा रही है। सिंचाई विभाग द्वारा घाट पर जल की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। पुलिस द्वारा घाटों पर सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे। पूर्वांचलवासियों ने चेयरपर्सन सरोज राठी और नगर परिषद की पूरी टीम का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर रमेश राठी व पवन रोहिल्ला भी मौजूद रहे।



बहादुरगढ़। नहर किनारे व्यवस्था देखते नरेश कौशिक व अन्य। फोटो : हरिभूमि

---

# बहादुरगढ़ में नहीं सुधरे पर्यावरण प्रदूषण के हालात

## एक्यूआई 325 से बढ़कर 327 पर पहुंचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

- हवा की गति मंद होने का असर, सड़कों पर उड़ रही धूल भी बिगाड़ रही हालात

दीपावली के बाद से बहादुरगढ़ की हवा लगातार प्रदूषित होती जा रही है। बीते 5 दिनों में से 4 दिन हवा की गुणवत्ता बेहद खराब स्थिति में रही। शुक्रवार शाम 8 बजे एक्यूआई 327 रिकॉर्ड किया गया। दरअसल, गत वर्ष की तुलना में इस बार दिवाली का प्रदूषण कम रहा है, लेकिन दिवाली बीतने के साथ ही प्रदूषण का स्तर लगातार बढ़ता जा रहा है। बता दें कि 20 अक्टूबर यानी दीपावली की रात साढ़े 500 से अधिक एक्यूआई रिकॉर्ड किया गया। हालांकि औसत एक्यूआई 306 था। जबकि 21 अक्टूबर को एक्यूआई 368, 22 अक्टूबर को 269 और 23 अक्टूबर को 325 दर्ज हुआ। मौसम जानकार बता रहे हैं कि हवाओं का प्रवाह मंद पड़ने का सीधा असर हवा की गुणवत्ता पर पड़ रहा है। विशेषज्ञ एक्यूआई बढ़ने के पीछे सड़कों पर उड़ने वाली धूल को भी एक कारण बता रहे हैं। ब्रह्मशक्ति संजीवनी अस्पताल के डॉ. बीएन मिश्रा का कहना है कि वायु प्रदूषण से सबसे अधिक श्वसन तंत्र प्रभावित होता है। सांस लेने में दिक्कत के साथ ही हृदय पर भी दबाव पड़ता है और रक्तचाप भी बढ़ जाता है। प्रदूषण बढ़ने पर हृदय एवं सांस के रोगी घर से बाहर न निकलें तो अच्छा है। गुनगुने पानी का सेवन करें।

# कातिलाना हमला करने के मामले में 2 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

- दो युवकों पर हमला कर एक का हाथ काट दिया था तो दूसरे की अंगुलियां

गांव छारा में बुधवार दोपहर खेतों में घूमने गए दो युवकों पर पुरानी रंजिश के चलते घात लगाकर हमला करने के मामले में पुलिस ने 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। राहुल निवासी छारा बुधवार को अपने चचेरे भाई साहिल और दोस्त गौरव के साथ खेतों में घूमने गया था। इसी दौरान कई गाड़ियों व बाइक पर सवार होकर कुछ युवक आए, जिनमें गांव का ही अजय व उसके साथी थे। राहुल आदि बचने के लिए भागे तो उन्होंने हमला कर दिया। इस दौरान कर्मा ने तेजधार चाकू से राहुल की गर्दन पर वार कर दिया। उसकी अंगुलियां कट गईं। अजय ने तलवार से गौरव पर दो बार वार किए। गौरव ने बचाव में हाथ अड़ाया तो हाथ कटकर अलग हो गया। केस दर्ज करने उपरांत पुलिस ने इस मामले में अजय निवासी छारा और हर्ष निवासी बिरधाना को गिरफ्तार किया है। चौकी प्रभारी मोहित कुमार ने बताया कि आरोपियों को अदालत में पेश किया गया। जहां से अदालत ने दोनों आरोपियों को 3 दिन के रिमांड पर पुलिस को सौंप दिया।

---



बहादुरगढ़। पेयजल किल्लत को लेकर सड़क पर जाम लगाकर बैठीं महिलाएं।

# गुभाना में पेयजल संकट को लेकर लगाया जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

- नायब तहसीलदार अरविंद ने मौके पर जाकर दिया समाधान का आश्वासन

गांव गुभाना में पिछले एक सप्ताह से चल रही पेयजल किल्लत को लेकर महिलाओं का सब्र शुक्रवार को टूट गया। ग्रामीण महिलाओं ने पानी की समस्या के स्थायी समाधान की मांग करते हुए सड़क पर जाम लगा दिया। महिलाओं ने सड़क के बीचों-बीच बैठकर विरोध प्रदर्शन किया। महिलाओं ने कहा कि पिछले कई दिनों से गांव में पीने के पानी की सप्लाई पूरी तरह से बाधित है। बार-बार शिकायत करने के बावजूद न तो पंचायत ने कोई कदम उठाया और न ही प्रशासन ने ध्यान दिया। ग्रामीणों ने बताया कि उन्हें अब पानी की एक-एक बूंद के लिए तरसना पड़ रहा है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए मौके पर नायब तहसीलदार अरविंद पहुंचे और महिलाओं से बातचीत कर उन्हें समझाने का प्रयास किया। हालांकि, महिलाएं अधिकारियों से लिखित में आश्वासन और स्थायी समाधान की मांग पर अड़ी रहीं। काफी मशक्कत के बाद प्रशासनिक अधिकारी महिलाओं को समझाने और जाम खुलवाने में सफल हुए।

# बिजली-पानी के बिल में सुधार की सीएम से की मांग

## सीएम से मिला बहादुरगढ़ के उद्यमियों का प्रतिनिधिमंडल



बहादुरगढ़। सीएम से मुलाकात करते नरेंद्र छिक्कारा व अन्य।

- उद्यमियों ने एमआईई में सड़कों और सीवरेज की खराब स्थिति सुधारने सहित अन्य कई मुद्दों पर चर्चा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

बहादुरगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज और फुटवियर पार्क एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से नई दिल्ली स्थित हरियाणा भवन में मुलाकात की। इस दौरान बहादुरगढ़ के औद्योगिक क्षेत्र से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। मुख्यमंत्री नायब सैनी से मुलाकात करने वाले प्रतिनिधिमंडल में राजकुमार गुप्ता, प्रधान सुभाष जग्गा जी, वरिष्ठ उपप्रधान विकास आनंद सोनी, नरेंद्र छिकारा, पवन जैन, सुभाष गुप्ता व देशराज आदि शामिल थे। उन्होंने बहादुरगढ़ के इंफ्रास्ट्रक्चर को सुधारने, फायर ब्रिगेड में ट्रेंड स्टाफ नियुक्त करने, एमआईई में पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करवाने, अत्यधिक एवं गलत पानी बिल की समस्या का समाधान करवाने, हालिया बिजली शुल्क वृद्धि वापिस लेने, स्ट्रीट लाइट्स लगवाने, एमआईई में सड़कों और सीवरेज की खराब स्थिति सुधारने सहित अन्य कई मुद्दे पर चर्चा की। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने प्रतिनिधिमंडल की सभी बातों को ध्यानपूर्वक सुना और सकारात्मक प्रतिक्रिया दी। सीएम ने आश्वासन दिया कि इन सभी समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जाएगा ताकि बहादुरगढ़ के औद्योगिक क्षेत्र के विकास में किसी भी प्रकार की बाधा न आए। उद्यमियों ने मुख्यमंत्री को बहादुरगढ़ आने का निमंत्रण भी दिया, जिसे उन्होंने ससम्मान स्वीकार करते हुए शीघ्र ही आने का आश्वासन दिया।



बहादुरगढ़। सीएम नायब सैनी से मुलाकात करते जसबीर सैनी। फोटो : हरिभूमि

### सीएम से की ड्रेन को पक्का करवाने की मांग

**बहादुरगढ़।** शहर के गंदे पानी की निकासी करने वाली ड्रेन को जल्द पक्का करवाने की मांग को लेकर भाजपा नेता जसबीर सैनी ने चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री नायब सैनी से मुलाकात की। उन्होंने सीएम को बताया कि इस बार भी अति बारिश के दौरान कच्ची ड्रेन कई जगह से टूट गई थी। जिस कारण आस-पास की कॉलोनियों में जलभराव से महीने भर तक आमजन का जीवन अस्त-व्यस्त हो गया था। अगले मानसून से पहले इस ड्रेन को पक्का करवाया जाए, ताकि भविष्य में ऐसे हालात ना हो। यह काम स्थानीय एजेंसी की बजाय चंडीगढ़ की किसी अच्छी एजेंसी से करवाया जाए। उन्होंने आरोप लगाया कि विकास कार्यों में गुणवत्ता से स्थानीय नेताओं का कोई लेना-देना नहीं है। उनके अनुसार विकास कार्यों में घटिया सामग्री लगाने वाले ठेकेदारों पर एफआईआर दर्ज होनी चाहिए। उन्होंने सीएम को बताया कि कुछ अधिकारी सरकार को गुमराह करते हैं।

---

**जायजा** | झज्जर की जमीनी समस्याएं जानने के लिए डीसी सड़क पर उतरे

बादली रोड की मरम्मत व एसडी स्कूल के पास ट्रांसफार्मर को किया जाएगा शिफ्ट

# उपायुक्त ने किया शहर का निरीक्षण सौंदर्यीकरण करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने शुक्रवार सुबह शहर के विभिन्न वार्डों और प्रमुख मार्गों का निरीक्षण किया। उन्होंने शहरी क्षेत्र में चल रहे सफाई कार्य, जल निकासी व्यवस्था, सड़कों की स्थिति तथा शहर के सौंदर्यीकरण के लिए किए जा रहे प्रयासों का जायजा लिया। उन्होंने शहरवासियों से भी बातचीत करते हुए शहर के सौंदर्यीकरण को लेकर भी सुझाव लिए। निरीक्षण के दौरान डीसी ने शहर में लगे स्ट्रीट लाइटों की स्थिति की भी समीक्षा की।



झज्जर। शहर के निरीक्षण के दौरान आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल। फोटो : हरिभूमि

### अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए

डीसी ने सबसे पहले राव तुलाराम चौक का निरीक्षण किया और चौक के सौंदर्यीकरण के निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने बादली रोड की मरम्मत, एसडी स्कूल के पास ट्रांसफार्मर को शिफ्ट करने, शहीदी पार्क के सौंदर्यीकरण, बुआ हसन मकबरे के पास स्थित तालाब पर लाइटिंग लगाने तथा भगत सिंह चौक से अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए। उन्होंने राव मंगलीराम पार्क के आगे ग्रीन बेल्ट बनाने और लाइटिंग की व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए। बुढ्ढो माता मंदिर, वैदिक स्कूल क्षेत्र, राव तुलाराम पार्क सहित विभिन्न क्षेत्रों का दौरा करते हुए जरूरी दिशा-निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि जहां कहीं लाइटें खराब हैं, वहां तुरंत बदलने का कार्य किया जाए ताकि नागरिकों को रात के समय किसी असुविधा का सामना न करना पड़े। इस दौरान नप चेयरमैन जिले सिंह सैनी, शहरी स्थानीय निकाय, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, बिजली विभाग और लोक निर्माण विभाग के अधिकारी भी साथ रहे।

# छात्रा गुंजन का आईआईटी दिल्ली में चयन होने पर किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

- गेट स्कोर के आधार पर एमटेक में चयन

दा हाइटस संस्थान की पूर्व छात्रा गुंजन का आईआईटी दिल्ली में चयन होने पर संस्थान परिसर में उनका सम्मान किया गया। संस्थान निदेशक नवींद्र कुमार ने कहा कि छात्रा गुंजन ने उनके संस्थान से दसवीं और बारहवीं की पढ़ाई पूरी करने के बाद फरीदाबाद स्थित वाईएमसीए से बीटेक की डिग्री प्राप्त की। बाद में गुंजन का आईआईटी दिल्ली में चयन गेट स्कोर के आधार पर एमटेक में हुआ। इस शानदार उपलब्धि पर दा हाइटस संस्थान में होनहार छात्रा को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि गुंजन की सफलता संस्थान और पूरे क्षेत्र के बच्चों के लिए एक प्रेरणा स्त्रोत बनेगी। उन्होंने कहा कि गुंजन ने यह साबित कर दिया है कि छोटे शहरों की छात्राएं भी कड़ी मेहनत और समर्पण से देश के सबसे प्रतिष्ठित तकनीकी संस्थानों में जगह बना सकती हैं।



झज्जर। होनहार छात्रा गुंजन को सम्मानित करते हुए निदेशक नवींद्र कुमार।

# प्रयोगशाला शिक्षक बन चमकाएं अपना करियर



नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

हमारे भारत में किसी भी प्रकार की सरकारी नौकरी को बहुत ही ज्यादा सम्मान दिया जाता है। क्योंकि सरकारी नौकरी पाने के बाद लोगों को ऐसा लगता है, कि उन्होंने सब कुछ पा लिया है। हमारे देश के बुजुर्ग भी सरकारी नौकरी पाने वाले व्यक्ति को बहुत ज्यादा सम्मान देते हैं। इतना ही नहीं सरकारी नौकरी हासिल करने के बाद उम्मीदवार पैसा कमाने के साथ-साथ सम्मान भी बहुत अधिक कमाता है। खासतौर से हमारे आस पास अध्यापक पद काम करने वाले व्यक्ति को अच्छा सम्मान मिलता है। आज के आर्टिकल में हम आपको प्रयोगशाला टीचर कैसे बने, इसके बारे में जानकारी देंगे।

## कौन होता है प्रयोगशाला शिक्षक

प्रयोगशाला टीचर उच्च कक्षाओं में जो प्रयोगशाला होती है। उन प्रयोगशालाओं में अध्यापक के तौर पर प्रैक्टिकल करवाने वाले उम्मीदवार को कहा जाता है। प्रयोगशाला टीचर उच्च कक्षाओं यानी कि 10वीं 11वीं और 12वीं कक्षाओं में जो विज्ञान वर्ग के विषयों में प्रैक्टिकल करवाने का काम करते हैं, उनको कहा जाता है। प्रयोगशाला अध्यापक लैब में विद्यार्थियों को प्रैक्टिकल करके हर चीज सिद्धांत के साथ समझाते हैं। विज्ञान विषय में प्रैक्टिकल काफी महत्वपूर्ण होता है। विज्ञान की थ्योरी पढ़ने के साथ-साथ प्रैक्टिकल के माध्यम से उस रिएक्शन और गतिविधि के बारे में संपूर्ण जानकारी विद्यार्थी लेते हैं और यह जानकारी देने का काम लैब टीचर करता है।

## जरूरी योग्यताएं

जो विद्यार्थी प्रयोगशाला टीचर बनने का सपना देख रहे हैं। और प्रयोगशाला टीचर बनने के लिए मेहनत कर रहे हैं। उन विद्यार्थियों को सबसे पहले लैब टीचर बनने के लिए जरूरी योग्यता को पूरा करना होगा योग्यता को पूरा करके ही आप प्रयोगशाला टीचर की भर्ती में आवेदन लगा सकते हैं और टीचर बनने के सपने को पूरा कर सकते हैं। प्रयोगशाला टीचर बनने के लिए जरूरी योग्यता नीचे कुछ इस प्रकार से दी गई है:

- उम्मीदवार 12 वीं कक्षा विज्ञान वर्ग के साथ पास किया हुआ होना अनिवार्य है।
- उम्मीदवार को उच्च शिक्षा के तौर पर आगे ग्रेजुएशन और मास्टर ग्रेजुएशन करना जरूरी है।
- बीएड की डिग्री हासिल करें।

## करने होते हैं ये कार्य

प्रयोगशाला टीचर के कार्य कि यदि बात की जाए तो प्रयोगशाला टीचर शब्द से ही यह अंदाजा लगाया जा सकता है, कि ऐसा अध्यापक जो प्रयोगशाला में होने वाली गतिविधियों को सुचारू रूप से चलाने में अपनी मदद करता है। प्रयोगशाला में विद्यार्थियों को नए नए प्रयोग सिखाने और उनके बारे में जानकारी देने में प्रयोगशाला टीचर अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। विद्यार्थियों को विज्ञान की कई प्रकार की रियक्शन और गतिविधियों से अवगत करवाता है। प्रयोगशाला टीचर विद्यार्थियों को प्रयोग सिखाता है और लैब की परीक्षाओं में एग्जाम करवाने का काम भी करता है।

## कैसे बनें

**प्रयोगशाला टीचर बनने के लिए विद्यार्थियों को सबसे पहले 12 वीं कक्षा विज्ञान वर्ग के साथ पास करनी होगी। विज्ञान वर्ग के साथ जो विद्यार्थी 12वीं कक्षा पास कर लेता है। उसको नीचे दिए गए निम्नलिखित चरणों को फॉलो करते हुए आगे बढ़ना होगा।**

**ग्रेजुएशन पूरा करें :** 12 वीं कक्षा विज्ञान वर्ग में पूरा कर चुके विद्यार्थी किसी भी सब्जेक्ट के साथ ग्रेजुएशन कर सकता है। ग्रेजुएशन विज्ञान वर्ग से संबंधित होना अनिवार्य है। ग्रेजुएशन की डिग्री न्यूनतम 50% अंक के साथ पास करना काफी महत्वपूर्ण रहता है।

**बीएड की डिग्री हासिल करें :** 12 वीं कक्षा विज्ञान वर्ग में पूरा कर चुके विद्यार्थी किसी भी सब्जेक्ट के साथ ग्रेजुएशन कर सकता है।

**मास्टर डिग्री यानी की पोस्ट ग्रेजुएशन पूरा करें :** ग्रेजुएशन और बीएड की डिग्री लेने के पश्चात उम्मीदवार को पोस्ट ग्रेजुएशन की डिग्री लेनी होती है। पोस्ट ग्रेजुएशन की डिग्री लेने पर विद्यार्थी किसी भी एक विषय में मास्टर डिग्री हासिल कर लेता है और उस विषय से संबंधित प्रयोगशाला शिक्षक बनने के लिए योग्य भी हो जाता है। मास्टर डिग्री लेने वाले उम्मीदवार को अब आने वाली प्रयोग शाला शिक्षक भर्ती में आवेदन करने के लिए योग्यता मिल जाती है।

**प्रयोगशाला टीचर भर्ती में आवेदन करें :** लैब टीचर बनने के लिए उम्मीदवार को सरकार के द्वारा नियमित तौर पर निकाले जाने वाली प्रयोगशाला टीचर भर्ती में अपना आवेदन लगाना होगा। हालांकि जो विद्यार्थी प्राइवेट विद्यालय में प्रयोगशाला टीचर बनना चाहता है। उस विद्यार्थी के लिए किसी भी भर्ती में आवेदन लगाने की जरूरत नहीं है। विद्यार्थी डिग्री कंप्लीट करने के बाद सीधा किसी भी प्राइवेट विद्यालय में ज्वाइन होकर प्रयोगशाला टीचर पद पर कार्यरत हो सकता है। लेकिन सरकारी प्रयोगशाला टीचर बनने के लिए विद्यार्थी को प्रयोगशाला टीचर भर्ती में अपना आवेदन लगाना होगा। जब विद्यार्थी प्रयोगशाला टीचर भर्ती में आवेदन लगाता है। तो विद्यार्थी को प्रयोगशाला टीचर की सेलेक्शन प्रक्रिया से गुजरते हुए इस पद को हासिल करना होता है।

**कितनी होती है सैलरी :** प्राइवेट विद्यालय में प्रयोगशाला टीचर को 15,000 से 25,000 तक की सैलरी मिल जाती है। प्राइवेट विद्यालय में यह सैलरी कोई फिक्स नहीं है। उच्च स्तरीय प्राइवेट विद्यालय में प्रयोगशाला टीचर की सैलरी 50,000 तक भी हो सकते हैं। सरकारी प्रयोगशाला टीचर बनने के बाद उम्मीदवार की सैलरी की बात की जाए तो उम्मीदवार को शुरुआत में 40,000 तक की सैलरी मिलती है और 2 साल की अवधि पूरी होने के बाद उम्मीदवार को पहला प्रमोशन मिलता है। उसके बाद उम्मीदवार को 50,000 से 70,000 की सैलरी और ग्रेड पे के साथ-साथ अन्य कई प्रकार के सरकारी भत्ते की सुविधाएं भी मिलती है।

---

## कैंसर उपचार की रीढ़ है रेडियोथेरेपी, मरीजों की आशा की किरण

# जन सेवा के साथ करियर का बेहतरीन विकल्प 'रेडियोथेरेपी टेक्नोलॉजिस्ट'

विपुल शर्मा
मोटिवेशनल स्पीकर



बीएससी इन रेडियोथेरेपी टेक्नोलॉजी (B.Sc in Radiotherapy Technology) जन सेवा के साथ युवाओं को करियर का बेहतरीन विकल्प उपलब्ध करवा रही है। यह तकनीक जहां कैंसर के मरीजों में आशा की किरण है, वहीं मेडिकल क्षेत्र में आगे बढ़ने वाले युवाओं को कामयाब होने के रास्ते दिखा रही है। इस क्षेत्र में करियर बनाने वाले युवाओं के लिए यह एक बेहतरीन कोर्स हो सकता है जो उनकी नौकरी की उम्मीदों को पंख दे सकता है। इसलिए युवा यह कोर्स कर अपने करियर को आसमान की बुलंदियों पर ले जा सकते हैं। आज के समय में दुनियाभर में बढ़ते कैंसर मामलों ने रेडिएशन थेरेपी की मांग को तेजी से बढ़ाया है। कैंसर के उपचार में रेडियोथेरेपी की महत्वपूर्ण भूमिका होती है और इसे सफलतापूर्वक देने वाले एक्सपर्ट रेडियोथेरेपी टेक्नोलॉजिस्ट की आवश्यकता लगातार बढ़ती जा रही है। ऐसे में बीएससी इन रेडियोथेरेपी टेक्नोलॉजी कोर्स युवाओं के लिए मेडिकल क्षेत्र में एक उत्कृष्ट करियर विकल्प बन चुका है। कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के इलाज में जहां एक ओर डॉक्टर और ऑन्कोलॉजिस्ट का योगदान अहम होता है। वहीं, रेडियोथेरेपी टेक्नोलॉजिस्ट पर्दे के पीछे से तकनीकी रूप से उपचार को सटीक और प्रभावी बनाते हैं। इनका कार्य रोगी के जीवन से सीधा जुड़ा होता है, इसलिए यह क्षेत्र न केवल वैज्ञानिक ज्ञान बल्कि मानवीय संवेदनाओं से भी परिपूर्ण है।

## क्या है रेडियोथेरेपी टेक्नोलॉजी

रेडियोथेरेपी टेक्नोलॉजिस्ट, कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों के इलाज में उपयोग की जाने वाली रेडिएशन मशीनों को ऑपरेट करते हैं। ये प्रोफेशनल्स डॉक्टरों के निर्देश पर रोगी को सटीक मात्रा में विकिरण देते हैं, जिससे ट्यूमर को नष्ट किया जा सके और स्वस्थ ऊतकों को नुकसान न पहुंचे। आज के समय में रेडिएशन तकनीक अत्याधुनिक हो चुकी है जैसे रैखिक त्वरक (एलआईएनएसी), ब्रैकीथेरेपी, साइबरनाइफ और गामा नाइफ जैसी मशीनें, जिनके संचालन के लिए विशेष प्रशिक्षण आवश्यक होता है। रेडियोथेरेपी टेक्नोलॉजिस्ट की भूमिका केवल मशीन चलाने तक सीमित नहीं होती, बल्कि वे रोगी की सुरक्षा, मशीन की मेंटेनेंस और रेडिएशन डोज की सटीक गणना जैसे अत्यंत संवेदनशील कार्यों में भी शामिल होते हैं।

## बढ़ते कैंसर मरीजों के कारण बढ़ी डिमांड



## कोर्स की ये हैं जरूरी योग्यताएं

इस कोर्स में प्रवेश के लिए छात्र को 12वीं (फिजिक्स, केमिस्ट्री, बायोलॉजी/मैथ्स) न्यूनतम 50/55% अंकों के साथ पास होना चाहिए। सरकारी संस्थानों में केवल प्रवेश परीक्षा के आधार पर ही दाखिला होता है। इसके लिए आप पहले कोचिंग भी ले सकते हैं। कई निजी संस्थान भी यह कोर्स संचालित कर रहे हैं, लेकिन छात्रों को संस्थान चुनते समय उसकी मान्यता और क्लिनिकल ट्रेनिंग सुविधा पर विशेष ध्यान देना चाहिए। इसके बाद ही संस्थान का चुनाव करें। चूंकि यह कोर्स तकनीकी और मरीजों के सीधे संपर्क से जुड़ा है, इसलिए व्यवहारिक ज्ञान इसकी सबसे बड़ी आवश्यकता है। इस पर ध्यान रखना जरूरी है।

## साढ़े 4 वर्ष का डिग्री कोर्स

बीएससी इन रेडियोथेरेपी एक साढ़े 4 वर्ष का डिग्री कोर्स है, जिसमें क्लासरूम टीचिंग, लैब ट्रेनिंग और हॉस्पिटल इंटर्नशिप शामिल होती है। अंतिम वर्ष में विद्यार्थियों को रेडिएशन विभाग में हैंड्स-ऑन ट्रेनिंग दी जाती है, जिससे वे वास्तविक मरीजों के साथ काम करने का अनुभव प्राप्त कर सकें। कुछ संस्थानों में छात्रों को प्रोजेक्ट कार्य, केस स्टडीज़ और वर्कशॉप्स के माध्यम से रिसर्च का भी अवसर मिलता है। इस दौरान उन्हें न केवल तकनीकी स्किल, बल्कि रोगियों के प्रति सहानुभूति और मानसिक मजबूती जैसे गुण भी विकसित करने पर बल दिया जाता है।

## काम करके मिलता सुकून

रेडियोथेरेपी टेक्नोलॉजी एक ऐसा क्षेत्र है, जिसमें न केवल करियर की स्थिरता और उन्नति है, बल्कि कैंसर पीड़ितों की जिंदगी को बचाने का सुकून भी शामिल है। यह विज्ञान और मानवीय सेवा का सुंदर संगम है। यदि आप मेडिकल क्षेत्र में टेक्निकल एक्सपर्ट बनने के साथ समाज सेवा का जज़्बा भी रखते हैं, तो यह कोर्स आपके लिए उपयुक्त विकल्प हो सकता है। आने वाले वर्षों में जैसे-जैसे भारत में कैंसर उपचार सुविधाएँ बढ़ेंगी, वैसे-वैसे रेडियोथेरेपी टेक्नोलॉजिस्ट की भूमिका और भी महत्वपूर्ण होती जाएगी।

### कैंसर के उपचार में रेडियोथेरेपी की भूमिका सबसे कारगर, B.Sc in Radiotherapy Technology कोर्स युवाओं को दे रहा करियर बनाने का शानदार मौका

## कोर्स करने के लिए प्रमुख संस्थान

1. पी.जी.आई.एम.एस. रोहतक (पंडित भगवत दयाल शर्मा पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, रोहतक)
2. पी.जी.आई. चंडीगढ़ (पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एजुकेशन एंड रिसर्च, चंडीगढ़)
3. एस.एम.एस. जयपुर (सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज, जयपुर)
4. बी.एच.यू. वाराणसी (बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी)
5. जिपमर पुडुचेरी (जवाहरलाल इंस्टिट्यूट ऑफ पोस्टग्रेजुएट मेडिकल एजुकेशन एंड रिसर्च, पुडुचेरी)
6. एम्स दिल्ली (अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली)
7. सी.एम.सी. वेल्लोर (क्रिश्चियन मेडिकल कॉलेज, वेल्लोर)

**(नोट : इन संस्थानों से डिग्री प्राप्त करने वाले छात्र देश-विदेश में उच्च पदों पर कार्यरत हैं और रेडिएशन ऑन्कोलॉजी के क्षेत्र में भारत की पहचान बना रहे हैं।)**

## यह मिल सकता है वेतन

शुरुआत में रेडियोथेरेपी टेक्नोलॉजिस्ट का वेतन 30,000 रुपये से 45,000 रुपये प्रतिमाह तक हो सकता है। अनुभव के साथ और सरकारी अस्पतालों या प्रतिष्ठित संस्थानों में यह वेतन 60,000 रुपये से 80,000 रुपये प्रति माह तक भी पहुंच सकता है। विदेशों में यह प्रोफेशन और भी अधिक सम्मानजनक और उच्च वेतन वाला माना जाता है। साथ ही, जैसे-जैसे नई तकनीकें आ रही हैं जैसे आईएमआरटी-तीव्रता मॉड्युलेटेड रेडिएशन थेरेपी, आईजीआरटी-इमेज गाइडेड रेडिएशन थेरेपी, एसआरएस/एसआरटी-स्टीरियोटैक्टिक रेडियोसर्जरी/स्टीरियोटैक्टिक रेडियोथेरेपी, एसबीआरटी-स्टीरियोटैक्टिक बॉडी रेडिएशन थेरेपी आदि इस क्षेत्र में विशेषज्ञता रखने वालों की मांग और बढ़ रही है। निजी स्वास्थ्य संस्थान अब योग्य रेडिएशन टेक्नोलॉजिस्ट को आकर्षक वेतन पैकेज दे रहे हैं।

## यहां नौकरी के अवसर

**रेडियोथेरेपी कोर्स के बाद छात्र निम्न संस्थानों में नौकरी कर सकते हैं।**

- कैंसर स्पेशलिटी हॉस्पिटल्स
- मेडिकल कॉलेज व रिसर्च सेंटर
- प्राइवेट डायग्नोस्टिक और रेडिएशन यूनिट्स
- सरकारी अस्पतालों और स्वास्थ्य मिशन कार्यक्रमों के तहत
- अंतरराष्ट्रीय हेल्थकेयर संगठनों में
- इसके अतिरिक्त, अनुभवी टेक्नोलॉजिस्ट रिसर्च, हेल्थ एजुकेशन, मेडिकल इक्विपमेंट कंपनियों या हेल्थ मैनेजमेंट जैसे क्षेत्रों में भी अपना करियर बना सकते हैं।

---

# हर नया दिन आपको सपनों को हकीकत में बदलने, बाधाओं को पार करने का देता मौका



मोटिवेशनल
डॉ. दिव्या तंवर

छात्र जीवन एक ऐसी यात्रा है जो चुनौतियों, अवसरों और भविष्य को आकार देने वाले पलों से भरी होती है। हर नया दिन आपके सपनों को हकीकत में बदलने, बाधाओं को पार करने और सफलता की ओर बढ़ने का एक मौका देता है। यह पल आपके लिए है अपनी ऊर्जा को संजोने, अपने मन को एकाग्र करने और अपनी रचनात्मकता को प्रज्वलित करने का समय। यह व्याकुलता का नहीं, बल्कि दृढ़ निश्चय का समय है वर्तमान को थामने और उज्जवल भविष्य को गढ़ने का अवसर। छात्रों को अक्सर पढ़ाई, व्यक्तिगत विकास और तेजी से बदलती दुनिया की अपेक्षाओं के बीच संतुलन बनाने का भारी दबाव झेलना पड़ता है। हतोत्साहित होना या अपने लक्ष्यों से भटक जाना स्वाभाविक लग सकता है। लेकिन हर सुबह, हर बीतता क्षण, आपके सपनों के प्रति फिर से समर्पित होने का आह्वान है।

## सोचे-समझे कदमों से करें शुरुआत

दिन के ये शुरुआती पल रचनात्मकता और मेहनत के लिए एक खुला कैनवास हैं। सोशल मीडिया, आत्म-संदेह या आलस्य जैसे व्याकुलताओं के आगे झुकने के बजाय, इस समय को अपनी प्रेरणा को बढ़ाने और अपनी ऊर्जा को सार्थक कार्यों में लगाने के लिए उपयोग करें। जैसा कि एक प्रेरक हिंदी कथन कहता है कि सुबह का यह पल तुम्हारा है। मेहनत और सपनों के साथ आगे बढ़ो, क्योंकि हर कदम तुम्हें तुम्हारे लक्ष्य के करीब ले जाता है। यह उद्धरण इस पल को थामने के सार को दर्शाता है। सुबह का यह समय, जब दुनिया संभावनाओं से भरी जाग रही होती है, आपके लिए एक नई शुरुआत है। आपकी मेहनत, आपके प्रिय सपनों के साथ मिलकर, आपको आगे बढ़ा सकती है। चाहे आप परीक्षा की तैयारी कर रहे हों, किसी प्रोजेक्ट पर काम कर रहे हों, या अपनी रुचियों को खोज रहे हों, यह वह समय है जब आपको पूरे उद्देश्य के साथ कार्य करना है। रचनात्मकता एक छात्र के रूप में आपकी सबसे बड़ी ताकत है। यह केवल किताबी ज्ञान या तथ्यों को रटने तक सीमित नहीं है; यह नए दृष्टिकोण अपनाने, अनोखे समाधान खोजने और चुनौतियों को रचनात्मक ढंग से हल करने के बारे में है। लेकिन व्याकुलताएं रचनात्मकता की सबसे बड़ी दुश्मन हैं। वे आपका ध्यान भटकाती हैं और उस ऊर्जा को कमजोर करती हैं जिसे आप सीखने और विकास में निवेश कर सकते हैं। अपने लक्ष्यों को क्षणिक प्रलोभनों से ऊपर रखकर, आप अपने भविष्य को आकार देने की शक्ति को फिर से हासिल करते हैं। इस पल का अधिकतम लाभ उठाने के लिए, छोटे-छोटे, सोचे-समझे कदमों से शुरुआत करें। दिन के लिए स्पष्ट और प्राप्य लक्ष्य बनाएं, अपने कार्यों को छोटे हिस्सों में बांटें और अपनी हर छोटी उपलब्धि का उत्सव मनाएं।

## हर सफल व्यक्ति एक छात्र

अपने चारों ओर सकारात्मकता लाएं -चाहे वह प्रेरक दोस्त हों, मार्गदर्शक शिक्षक हों, या एक शांत स्थान जो आपके विचारों को उड़ान दे। याद रखें, हर सफल व्यक्ति कभी एक छात्र था, जिसने हार नहीं मानी, जिसने सुविधा के बजाय संघर्ष को चुना, और जिसने हर चुनौती को एक अवसर के रूप में देखा। सुबह का यह समय आपके सपनों के प्रति आपकी प्रतिबद्धता का प्रतीक बने। दुनिया आपके अनोखे योगदान, आपके विचारों और आपकी दृढ़ता की प्रतीक्षा कर रही है। इस पल को अपनाएं, अपनी रचनात्मकता को प्रज्वलित करें और अपने लक्ष्यों की ओर साहसपूर्वक कदम बढ़ाएं। एक छात्र के रूप में आपकी यात्रा केवल मंजिल तक पहुंचने की नहीं है यह उस रास्ते में अपने सर्वश्रेष्ठ स्वरूप को खोजने की है। तो, उठें, कर्म करें और हर क्षण को अमूल्य बनाएं।

### खुद पर भरोसा करो, क्योंकि तुम्हारी ताकत तुम्हारे भीतर छिपी है

आत्मविश्वास सफलता की नींव है। यह उद्धरण छात्रों को अपनी आंतरिक शक्ति को पहचानने और उसका उपयोग करने के लिए प्रेरित करता है। जब आप खुद पर विश्वास करते हैं, तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं लगता। छात्र जीवन एक ऐसी अवस्था है जहां हर दिन एक नया सबक लाता है। इन प्रेरणादायक उद्धरणों को अपने साथी बनाएँ और हर चुनौती को एक अवसर के रूप में देखें। जैसा कि पहले उद्धरण में कहा गया, "सुबह का यह पल तुम्हारा है। मेहनत और सपनों के साथ आगे बढ़ो, क्योंकि हर कदम तुम्हें तुम्हारे लक्ष्य के करीब ले जाता है।" इस पल को थामें, अपने भीतर की रचनात्मकता और जुनून को जगाएं, और अपने सपनों की ओर बढ़ते रहें। आपमें वह शक्ति है जो आपको दुनिया की ऊंचाइयों तक ले जा सकती है बस उस पर विश्वास करें और कदम बढ़ाएं।

## सामान्य ज्ञान

**1.** यंग प्रत्यास्थायता गुणांक का एसआई मात्रक है
(ए) डाइन/सेमी.
(बी) न्यूटन/मी.
(सी) न्यूटन/मी.$^2$
(डी) मी.$^2$/से.

**2.** निम्नलिखित युग्मों में से किन भौतिक राशियों के सामान विमीय सूत्र नही है ?
(ए) बल एवं दाब
(बी) कार्य एवं उर्जा
(सी) आवेग एवं संवेग
(डी) भार एवं बल

**3.** एक खगोलीय इकाई संबंधित है -
(ए) सूर्य एवं पृथ्वी के बीच की दूरी से
(बी) चन्द्रमा एवं पृथ्वी के बीच की दूरी से
(सी) सूर्य, चन्द्रमा के बीच की दूरी से
(डी) उपरोक्त में से कोई नही

**4.** निम्नलिखित में से कौन-सी अविमीय राशि है ?
(ए) विकृति
(बी) श्यानता गुणांक
(सी) गैस नियतांक
(डी) प्लांक नियतांक

**5.** निम्नलिखित में से कौन एक सदिश राशी नही है
(ए) संवेग
(बी) वेग
(सी) कोणीय वेग
(डी) द्रव्यमान

**6.** अदिश राशी है
(ए) उर्जा
(बी) बल आघूर्ण
(सी) संवेंग
(डी) उपरोक्त सभी

**7.** निम्नलिखित में से कौन सी एक सदिश राशी है
(ए) संवेंग
(बी) दाब
(सी) उर्जा
(डी) कार्य

**8.** निम्नलिखित में से कौन सी राशी सदिश नही है
(ए) विस्थापन
(बी) वेग
(सी) बल
(डी) आयतन

**उत्तर** 1.(सी) 2.(ए) 3.(ए) 4.(ए) 5.(डी) 6.(ए) 7.(ए) 8.(डी)

## खबर संक्षेप

### हरीश ग्रोवर के निधन पर जताया शोक



**झज्जर** । सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं से जुड़े बाबा कांशीगिरी महाराज सेवा समिति के उप-प्रधान हरीश ग्रोवर शुक्रवार को अपनी सांसारिक जीवन यात्रा पूर्ण करके प्रभु चरणों में विलीन हो गए। उनका अंतिम संस्कार रेवाड़ी रोड स्थित श्रीराम बाग में किया गया। उनके आकस्मिक निधन पर समिति के प्रधान नरेंद्र मदान ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि स्वर्गीय हरीश ग्रोवर शांत स्वभाव के मिलनसार व्यक्ति थे। उनकी कमी हमेशा समाज को खलेगी। उनकी अंत्येष्टि में पूर्व विधायक नरेश शर्मा, ईश्वर दलाल, विजय ढिल्लन, एडवोकेट नसीब कादियान, नरेश रोहिल्ला, प्रवीण गर्ग, बिल्लू धींगड़ा, नवीन छाबड़ा, तिलकराज गोसांई, विनीत पोपली, योगेश रंजन, शंकर ग्रोवर सहित काफी संख्या में धार्मिक, सामाजिक व शहर के प्रबुद्धजन शामिल रहे।

### राज्यपाल आज आएंगे रोहतक, तीन दिन रुकेंगे

**रोहतक**। उपायुक्त सचिन गुप्ता ने बताया कि प्रदेश के राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष 25 से 27 अक्तूबर तक जिला में विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे। सचिन गुप्ता ने बताया कि महामहिम राज्यपाल 25 अक्तूबर को दोपहर 12 बजे रोहतक पहुंचेंगे, जिसके उपरांत वे गांव खरावड़ स्थित राजकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय में अभिभावकों तथा स्टाफ सदस्यों के साथ संवाद करेंगे। इसके उपरांत प्रो. असीम कुमार घोष सायं 4 बजे जिला नागरिक अस्पताल का दौरा करेंगे, जिसके उपरांत वे स्थानीय पंडित भगवत दयाल शर्मा स्नातकोत्तर स्वास्थ्य विज्ञान संस्थान में पहुंचकर फैकल्टी सदस्यों के साथ संवाद करेंगे। उपायुक्त सचिन गुप्ता ने बताया कि महामहिम राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष 26 अक्तूबर को दोपहर बाद 3:45 मिनट पर महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय का दौरा करेंगे तथा फैकल्टी सदस्यों के साथ संवाद करेंगे।

### गौड ब्राह्मण कॉलेज में एलुमनी मीट कल

**रोहतक**। रोहतक। गौड ब्राह्मण आयुर्वेदिक कॉलेज ब्राहमणवास में 26 अक्टूबर रविवार को कॉलेज कैंपस में पहला एलुमनी मीट आयोजित किया जा रहा है। यह आयोजन जीबीएसी डॉक्टर्स एलुमनी वेलफेयर ट्रस्ट 2025 द्वारा आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर को खास बनाने वाला है कि यह कॉलेज की पहली पासिंग बैच 1974 के बाद 51 वर्षों का उत्सव है। ट्रस्ट के प्रधान डॉ. संजय जाखड ने बताया कि एलुमनी मीट में 1974 से 2019 तक के बैच के एलुमनाई शामिल होंगे। देश के विभिन्न प्रदेशों से 600 से अधिक आयुर्वेदिक डॉक्टर इस आयोजन में भाग लेने के लिए उपस्थित होंगे। इस समारोह का उद्देश्य कॉलेज की विरासत और मूल्य को साझा करना, पूर्व छात्रों को जोड़ना और आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनाना है। आयोजन के दौरान एलुमनाई आपस में अनुभव साझा करेंगे, कॉलेज की यात्रा और उपलब्धियों को याद करेंगे।

### मां भीमेश्वरी देवी स्कूल बेरी में हुई जिलास्तरीय खेल प्रतियोगिता

# दुर्गा स्कूल के दस खिलाड़ियों का राज्यस्तरीय खो-खो टीम में चयन

**कुश्ती में कर्ण ने 24 किग्रा भार वर्ग में प्रथम, लविका ने 26 किलोग्राम भार वर्ग में द्वितीय स्थान पाया**



झज्जर। होनहार खिलाड़ी जिला शिक्षा अधिकारी और स्टॉफ सदस्यों के साथ।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

जिला स्तर पर लड़के और लड़कियों की स्कूली खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन मां भीमेश्वरी देवी स्कूल बेरी में किया गया। प्रतियोगिताओं का शुभारंभ जिला शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार ने किया। इन खेल प्रतियोगिताओं में विभिन्न स्कूलों के खिलाड़ियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। दुर्गा वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय महराना के खिलाड़ियों ने भी खो-खो, कुश्ती और शॉटपुट में हिस्सा लेते हुए अपना शानदार प्रदर्शन किया। विद्यालय के डीपीई अशोक कुमार ने बताया कि अंडर 11 लड़कों की खो- खो टीम ने जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया। कुश्ती में कर्ण ने 24 किलोग्राम भार वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

कुश्ती में ही लविका ने 26 किलोग्राम भार वर्ग में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। नमन 28 किलोग्राम भार वर्ग में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। शॉटपुट में शिवम प्रथम स्थान प्राप्त किया। झज्जर ब्लॉक की ओर से खेलते हुए दुर्गा वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन को देखते हुए निर्णायक कमेटी ने विद्यालय के दस खिलाड़ियों का राज्य स्तरीय खो खो टीम में चयन किया। दुर्गा वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन के लिए विद्यालय संस्थापक रामचंद्र शर्मा ने होनहार खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



## खेल प्रतियोगिता में ज्ञान ज्योति स्कूल के विद्यार्थी छाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

ज्ञान ज्योति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कासनी के विद्यार्थियों ने जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अपना सुनिश्चित किया है। विद्यालय निदेशक इंद्रजीत फौगाट ने बताया कि उनके स्कूल के खिलाड़ी परीक्षित ने जहां कुश्ती प्रतियोगिता के 28 किलोग्राम भार वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया वहीं तनुज की कबड्डी टीम ने बेरी की टीम को पराजित कर विद्यालय का नाम रोशन किया। उन्होंने इस उपलब्धि पर स्टॉफ सदस्यों को बधाई देते हुए सभी विजेता खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## बाजरे व धान की फसल के उठान ने पकड़ी गति



झज्जर। धान की फसल को धूप में सुखाते हुए श्रमिक।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

- 30285 क्विंटल में 25042 धान की खरीद की

अनाजमंडी में धान व बाजरे का खरीद कार्य जोरों पर है। प्राइवेट स्तर पर आढ़तियों धान व बाजरे की खरीद की जा रही है। किसान गेट पास कटवाने के बाद मंडी में अपनी फसल डाल रहे हैं। मार्केट कमेटी सचिव रामनिवास ने बताया कि विभागीय आंकड़ों के अनुसार अभी तक बाजरे की कुल आवक 164949 क्विंटल दर्ज की गई है। जिसमें से 140767 क्विंटल बाजरा खरीदा जा चुका है। साथ-साथ किए जा रहे उठान कार्य के चलते 87552 क्विंटल बाजरे का उठान भी हो चुका है। श्रमिकों द्वारा गाड़ियों में भरा बाजरा गोदामों तक पहुंचाया जा रहा है। इसके अलावा मंडी में धान की आवक भी हो रही है। अभी तक मंडी में 30285 क्विंटल धान पहुंचा है जिसमें 25042 क्विंटल धान की खरीद की जा चुकी है। धान उठान कार्य में 22600 क्विंटल धान का उठान किया जा चुका है। बता दें कि आढ़तियों द्वारा बोली लगाकर प्राइवेट स्तर पर धान की खरीद की जा रही है। मंडी में अलग-अलग क्वालिटी का धान पहुंच रहा है जिनमें 1121, 1718 व 1509 किस्में शामिल हैं।

## डीसी ने किया बादली के निर्माणाधीन लघुसचिवालय भवन का निरीक्षण



झज्जर। बादली के निर्माणाधीन लघु सचिवालय परिसर का दौरा करते हुए डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने शुक्रवार को बादली उपमंडल के निर्माणाधीन लघु सचिवालय भवन का निरीक्षण किया। उन्होंने भवन के विभिन्न हिस्सों का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि उपमंडल लघु सचिवालय परिसर के निर्माण से बादली उपमंडल के नागरिकों को सुविधाजनक तरीके से एक स्थान पर प्रशासनिक और अन्य विभागीय सेवाएं मिलेंगी। नागरिकों को योजनाओं का लाभ लेने के लिए अलग-अलग कार्यालयों का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शेष कार्यों को निर्धारित समयसीमा में गुणवत्तापूर्वक पूरा किया जाए, ताकि उपमंडल लघु सचिवालय को जल्द जनता की सेवा में समर्पित किया जा सके।

## जाट कॉलेज रोहतक में जेईएस फेस्ट 2025 एक नवंबर को

- उत्कृष्ट उपलब्धि वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जाट शिक्षण संस्था द्वारा एक नवम्बर को जाट कॉलेज में जेईएस फेस्ट 2025 का आयोजन किया जा रहा है। इस फेस्ट में संस्था के स्कूलों और कॉलेजों के विभिन्न क्षेत्रों के उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। फेस्ट के लिए बनाई गई कमेटियां के कन्वीनर और सभी प्रिंसिपल की बैठक जाट कॉलेज में प्रिंसिपल डॉ जोगेंद्र सिंह दहिया की अध्यक्षता में की गई। डॉ. जोगेंद्र सिंह दहिया ने बताया कि जाट शिक्षण संस्था के प्रधान गुलाब सिंह दिमाना के निर्देशानुसार संस्था के दोनों स्कूलों और सभी कॉलेजों के विभिन्न क्षेत्रों में विशेष उपलब्धि हासिल करने वाले होनहार विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह आयोजन 1 नवंबर को जाट कॉलेज में होगा। बैठक में महारानी किशोरी जाट कन्या कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ रश्मि, मातूराम इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट के निदेशक डॉ नवनीत अहलावत, छोटू राम पॉलिटेक्निक के निदेशक डॉ सत्येंद्र पावडिया, छोटू राम लॉ कॉलेज के निदेशक डॉ राजीव जून, छोटू राम बीएड कॉलेज की प्राचार्या डॉ सुनीता आर्य, जाट स्कूल के प्रिंसिपल वीरेंद्र तोमर और छोटू राम स्कूल की प्रिंसिपल सुमन के अलावा अन्य उपस्थित रहे।

### गुरुनानक देव जी के प्रकाशोत्सव पर नगर कीर्तन कल

**झज्जर** । पंचायती गुरुद्वारा एवं बाबा नानक निष्काम सेवा समिति द्वारा रविवार को नगर कीर्तन का आयोजन किया जाएगा। समिति प्रधान ईश्वर शर्मा ने बताया कि श्री गुरुनानक देव जी के प्रकाशोत्सव के उपलक्ष्य में प्रातः 11 बजे पंचायती गुरुद्वारा से नगर कीर्तन आरंभ किया जाएगा। यह नगर कीर्तन पूर्व विधायक बनारसी दास मार्ग, बेरी गेट, अंबेडकर चौक, बीकानेर चौक, बाबा बालक नाथ मंदिर, चौधरी सुल्तान सिंह मार्ग, गुरुद्वारा चौक छावनी, सिलानी गेट, हरिपुरा मोहल्ला, मां वैष्णो चौक, डायमंड चौक व नेता जी सुभाष चौक से होते हुए वापिस गुरुद्वारे पहुंचकर संपन्न होगा। सदस्य विनीत पोपली ने बताया कि नगर कीर्तन में अलवर से गतका पार्टी के सदस्यों द्वारा हैरतंगेज करतब भी दिखाए जाएंगे।

## नसीब बने बेरी मंडल अध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

शुक्रवार को हरियाणा पब्लिक हेल्थ कर्मचारी संघ संबंधित भारतीय मजदूर संघ जिला झज्जर के बेरी मंडल कार्यालय की कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष सुमित राठी हरियाणा पब्लिक हेल्थ कर्मचारी मजदूर संघ झज्जर, जिला सचिव नीरज पांडे व जिला उपाध्यक्ष अजीत सिंह लकड़िया मौजूद रहे। जिलाध्यक्ष सुमित राठी ने उपस्थित कर्मचारियों को भारतीय मजदूर संघ की रीति नीति के बारे में अवगत कराया और विचार मंथन के उपरांत बेरी मंडल की कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन किया गया।

जिसमें बेरी मंडल अध्यक्ष नसीब, उपाध्यक्ष देवेंद्र, सचिव साहिल, कोषाध्यक्ष सुनील, संगठन सचिव भौंदे पहलवान, सह सचिव अमित, कार्यालय सचिव वेदपाल, प्रेस सचिव संजीत, सह कोषाध्यक्ष उमेद को चुना गया है।

# गैर शिक्षक संघ के चुनाव में तिकोना मुकाबला





महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय के गैर शिक्षक कर्मचारी संघ चुनाव में अपना फार्म जमा करवाते उम्मीदवार।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय के गैर शिक्षक कर्मचारी संघ चुनाव में इस बार दीपक, तराजू और कुर्सी में तिकोना मुकाबला होगा। आगामी 30 अक्टूबर को आयोजित होने वाले इस चुनाव में अब तक तीन पैनल मैदान में आ चुके हैं। चीफ इलेक्शन ऑफिसर सुरेश पाल राठी ने बताया कि इस बार गैर शिक्षक कर्मचारी संघ चुनाव में कर्मचारी स्वाभिमान मंच चुनाव चिन्ह दीपक, कर्मचारी सुरक्षा मंच चुनाव चिन्ह तराजू और कर्मचारी विकास मंच चुनाव चिन्ह कुर्सी के प्रत्याशी आमने-सामने हैं।

कर्मचारी स्वाभिमान मंच से प्रधान पद के लिए अजमेर सिंह, उप प्रधान पद के लिए ज्ञान चंद, महासचिव पद के लिए सुनील सैनी, सह सचिव पद के लिए रामेश्वर कुमार और कोषाध्यक्ष पद के लिए विनोद कुमार मैदान में हैं।कर्मचारी सुरक्षा मंच से प्रधान पद के लिए सुरेश कौशिक, उप प्रधान पद के लिए प्रेम सिंह सजवाण, महासचिव पद के लिए विजय पाल धनखड़, सह सचिव पद के लिए राज कुमार रंगा और कोषाध्यक्ष पद के लिए राजेश शर्मा मैदान में हैं। कर्मचारी विकास मंच से प्रधान पद के लिए विकास गिल, उप प्रधान पद के लिए हरदीप हुड्डा, महासचिव पद के लिए रविंदर लोहिया, सह सचिव पद के लिए डॉ वरुण कुमार सैनी और कोषाध्यक्ष पद के लिए सुनील सुतवाल मैदान में हैं।

**सदस्य के लिए ये मैदान में उतरे**

कार्यकारी परिषद सदस्य के लिए अजय कुमार, रविंद्र कुमार, रामबीर, नवीन, जसविंदर कुमार, रणधीर सिंह, सीता राम, धर्मपाल, परविंदर कुमार, राम निवास, भूदत्त, पवन कुमार, धीरज कुमार को सर्वसम्मति से चुना गया है। खैराती लाल इस चुनाव के इलेक्शन ऑफिसर और सुनील दहिया असिस्टेंट इलेक्शन ऑफिसर हैं।

## लंबित मांगें मनवाने को बढ़ाएं सदस्यता : दिलबाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

सेवानिवृत्त कर्मचारी संघ द्वारा शुक्रवार को एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला प्रधान दिलबाग दलाल ने की जबकि संचालन जिला सचिव देवेंद्र सिंह यादव द्वारा किया गया। दिलबाग दलाल ने कर्मचारियों को बताया कि अखिल भारतीय सेवानिवृत्त कर्मचारी संघ का अधिवेशन अगले वर्ष 22 और 23 फरवरी को कुरुक्षेत्र में होगा। अधिवेशन की तैयारी के लिए आगामी एक नवंबर को सैनी धर्मशाला में मीटिंग की जाएगी। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि सरकार से अपनी मांगें मनवाने के लिए संघ में अधिक से अधिक जोड़े जाएं। 30 और 31 दिसंबर को रिटायर्ड होने वाले कर्मचारियों को इंक्रीमेंट दी जाएगी यह फैसला हो चुका है। उन्होंने बताया कि उनकी लंबित मांगों में कैशलेस मेडिकल, 70 की आयु होने पर 10 प्रतिशत व 80 वर्ष की आयु होने पर बेसिक वेतन में बीस फीसदी की वृद्धि, विधवा को भी एलटीसी दिया जाना, कम्यूटेशन का पैसा 10 साल तक काटा जाए, रेलवे में आधा किराया लागू किया जाए, 18 महीने का एरियर दिया जाए, आठवां वेतन आयोग लागू करने के लिए कमेटी से टीम बनाई जाना शामिल है।



झज्जर। मीटिंग में शामिल रिटायर्ड कर्मचारी।

**यह रहे मौजूद**

इस मौके पर मास्टर बलवीर सिंह, एडवोकेट जयप्रकाश गुप्ता, रामेश्वर बिरधाना, नाहर सिंह यादव, मैनपाल यादव, ओमप्रकाश, धर्मपाल अहलावत, मास्टर फूल कुमार, राम सिंह सुहाग, सुरेश शर्मा, रमेश जाखड़, मास्टर राजवीर राहर, सुखबीर सिंह, जगबीर सोलंकी, रणवीर, मुकेश राणा, जगमाल यादव, रोहतास सिंह, कमल सिंह, भूरे सिंह व अन्य उपस्थित रहे।

# एमडीयू का 19वां दीक्षांत समारोह नवंबर में होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

- अवॉर्डी को वेबसाइट पर पंजीकरण करना अनिवार्य

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) का 19वां दीक्षांत समारोह नवंबर 2025 के तीसरे सप्ताह में आयोजित किया जाएगा। समारोह की सटीक तिथि और समय विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर शीघ्र ही घोषित किए जाएंगे। परीक्षा नियंत्रक प्रो. राहुल ऋषि ने बताया कि प्रत्येक अवार्डी को दीक्षांत समारोह में भाग लेने के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर ऑनलाइन पंजीकरण करना अनिवार्य है। यह पंजीकरण प्रक्रिया प्रारम्भ हो चुकी है और 14 नवंबर 2025 तक चलेगी। बिना पंजीकरण किए कोई भी अवार्डी समारोह में भाग नहीं ले सकेगा।

**पीएचडी की उपाधि मिलेगी**

परीक्षा नियंत्रक ने बताया कि विश्वविद्यालय शिक्षण विभागों (यूटीडी), एमडीयू और एमडीयू-सीपीएएस, गुरुग्राम के वे स्नातक एवं स्नातकोत्तर विद्यार्थी जिन्होंने मई-जून 2025 की परीक्षाओं में पूर्ण श्रेणी में उत्तीर्णता प्राप्त की है, वे इस दीक्षांत समारोह में डिग्री प्राप्त करने के पात्र होंगे। इसके अलावा, पीएचडी की उपाधि उन शोधार्थियों को प्रदान की जाएगी जिनकी अधिसूचना 26 दिसंबर 2023 के बाद तथा 30 सितंबर 2025 से पहले जारी की गई है।

**वेबसाइट पर होगा अपडेट**


उन्होंने सभी विद्यार्थियों और अवार्डियों सलाह दी कि वे नियमित रूप से विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जानकारी देखते रहें, क्योंकि पूर्वाभ्यास की तिथि, समारोह का समय और परिधान संहिता (ड्रेस कोड) जैसी महत्वपूर्ण जानकारी वेबसाइट पर समय-समय पर उपलब्ध कराई जाएगी।

**आयोजन** शादी के बाद 4 नवंबर को रोहतक में रिसेप्शन का

# बॉक्सर अमित पंघाल 2 नवंबर को अंशुल श्योकंद संग लेंगे फेरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

अंतर्राष्ट्रीय बॉक्सर और दो बार ओलिंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके अमित पंघाल 2 नवंबर को शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं। शादी की रस्में 27 अक्टूबर से शुरू होंगी और 2 नवंबर को जींद में अंशुल श्योकंद के साथ सात फेरे लिए जाएंगे। शादी के बाद 4 नवंबर को रोहतक में रिसेप्शन का आयोजन किया जाएगा, जिसमें खेल और समाज की कई बड़ी हस्तियों के शामिल होने की संभावना है। अमित पंघाल का जन्म 16 अक्टूबर 1995 को रोहतक जिले के मायना गांव में हुआ। बचपन से ही बॉक्सिंग में रुचि रखने वाले अमित ने 2007 में



छोटूराम बॉक्सिंग एकेडमी में प्रैक्टिस शुरू की। उन्होंने 2018 में एशियन गेम्स में स्वर्ण पदक, 2018 कॉमनवेल्थ गेम्स और 2019 वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप में रजत पदक, 2022 कॉमनवेल्थ गेम्स में स्वर्ण, 2021 एशियन चैंपियनशिप में रजत और 2017 एशियन चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता। दो बार ओलिंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व करने के बावजूद पदक से चूकने के बावजूद अमित ने खेल में अपनी पहचान बनाई है। अंशुल श्योकंद जींद के पालवां गांव की निवासी हैं।

उन्होंने रोहतक यूनिवर्सिटी से बीकॉम की पढ़ाई की और इसके बाद 8 महीने देहरादून में सीडीएस की कोचिंग ली। उन्होंने एयरफोर्स फ्लाइंग ऑफिसर का एग्जाम पास किया है और ताइक्वांडो की खिलाड़ी भी रह चुकी हैं। उनके पिता कुलदीप किसान हैं और मां सीमा जींद के अस्पताल में नर्स हैं। अंशुल का बड़ा भाई विवेक यूके में पढ़ाई कर रहा है।

**यह शादी अरेंज मैरिज**

अमित और अंशुल की शादी अरेंज मैरिज है। चार महीने पहले अंशुल का परिवार अमित के घर आया और उन्होंने अमित को पसंद किया। इसके बाद दोनों परिवारों के विचारों और परंपराओं के अनुसार शादी का फैसला लिया गया। अमित के पिता विजेंद्र पंघाल ने शादी का पूरा प्रबंध अपने कंधों पर लिया है और कार्ड वितरण भी खुद कर रहे हैं। वहीं, अमित शादी की तैयारियों और खरीदारी में व्यस्त हैं। इस शादी में खेल जगत और समाज के कई प्रतिष्ठित लोग शामिल होंगे। रोहतक और जींद में होने वाले कार्यक्रमों के लिए घर में तैयारियां जोरों पर हैं, और यह आयोजन अमित पंघाल के जीवन और उनकी खेल यात्रा का एक यादगार अध्याय साबित होगा।

### एमडीयू में पीएचडी दाखिले की प्रक्रिया शुरू, कुलपति ने जारी किया प्रॉस्पेक्टस

**रोहतक** । महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के कुलपति प्रो राजबीर सिंह ने सत्र 2025-26 के लिए पीएचडी पाठ्यक्रम का प्रॉस्पेक्टस जारी किया। इस सत्र में विभिन्न विषयों में कुल 457 सीटों पर दाखिले के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक अभ्यर्थी 7 नवंबर तक विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने इस अवसर पर कहा कि एमडीयू शोध और नवाचार के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान बनाए हुए है। उन्होंने कहा कि एमडीयू का उद्देश्य अनुसंधान को समाज की आवश्यकताओं से जोड़ना और युवाओं में वैज्ञानिक दृष्टिकोण को विकसित करना है। हम चाहते हैं कि यहां से निकलने वाले शोधार्थी देश के सामाजिक और आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं।
कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय में पीएचडी दाखिले की प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और मेरिट आधारित होगी। हम शोध की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दे रहे हैं।

**नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत छुड़ानी, खंड-बहादुरगढ़, जिला झज्जर में गंगा तालाब व खुंदा वाला तालाब को दिनांक 10.11.2025 को प्रातः समय 11 बजे भूरान चौपाल में मछली पालन हेतू पट्टे पर नीलाम किया जाएगा। जिसकी जमानत राशि 5 लाख रूपये होगी, बाकी बोली की तमाम शर्तें मौके पर सुनाई जाएंगी। इच्छुक बोली दाता समय पर उपस्थित हों।

हस्ता/-सरपंच
ग्राम पंचायत छुड़ानी,
खंड बहादुरगढ़ (जिला झज्जर)
मो. 9991581672

**कार्यालय नगर परिषद बहादुरगढ़**
**नोटिस आम जनता**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री मोनिका रानी, सारिका, कोमल शर्मा, शीतल (पुत्री) स्व. औम प्रकाश निवासी किला मोहल्ला बहादुरगढ़ द्वारा एनडीसी पोर्टल पर प्रॉपर्टी आईडी नंबर-3BPEYM16 वार्ड नंबर-25 कॉलोनी किला मोहल्ला जो कि नगर परिषद बहादुरगढ़ में नाम का कॉलम रिक्त है में नाम दर्ज व वर्ग गज 80 से 84 वर्ग गज करवाने हेतु ऑनलाइन एप्लीकेशन नम्बर 0185752153 द्वारा अप्लाई किया है।
अतः आम व खास को इस नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उक्त संपति नंबर-3BPEYM16 वार्ड नंबर-25 कॉलोनी किला मोहल्ला पर यदि कोई हकदार है या उक्त संपति पर किसी को आपत्ति है तो वह सुबूतों सहित इस नोटिस के प्रकाशन के 30 दिन के अंदर अंदर नगर परिषद बहादुरगढ़ कार्यालय में आकर अपना दावा पेश करें, अन्यथा इस नोटिस का समय समाप्त होने पर यह संपति नंबर-3BPEYM16/84 वर्ग गज प्रार्थी मोनिका रानी, सारिका, कोमल शर्मा व शीतल (पुत्री) स्व. ओमप्रकाश के नाम नगर परिषद बहादुरगढ़ के रिकॉर्ड में दर्ज कर दी जाएगी, जिसमें नगर परिषद बहादुरगढ़ की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

कार्यकारी अधिकारी, नगर परिषद बहादुरगढ़।

## खबर संक्षेप



### शोक जताने कुलासी पहुंचे दुष्यंत

**बहादुरगढ़।** पूर्व उपमुखमंत्री दुष्यंत चौटाला शुक्रवार को जजपा बीसी सेल के हलका प्रधान उमेद सैन के पुत्र के निधन पर शोक जताने गांव कुलासी पहुंचे। उन्होंने परिवार को सांत्वना दी। इस मौके पर जेजेपी जिलाध्यक्ष संजय दलाल, कर्नल सुखबीर सिंह राठी, राजीव दलाल, पूर्व पार्षद राजू दलाल, प्रवीन राठी, पार्षद संदीप अहलावत, धर्मेंद्र गुलिया, दिलबाग सिंह, मनोज पांचाल, राजेंद्र छारा, अमर सिंह, प्रीतम कुकड़ौला, रविंद्र गिल, राजेश महराना, बिल्लू भदानी, मुकेश ठेकदार, जगदेव थानेदार व ओमप्रकाश मलिक मौजूद रहे।

### अवैध हथियार व दो कारतूस सहित एक काबू

**झज्जर।** सीआईए की एक टीम द्वारा अवैध हथियार व दो कारतूस सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। सीआईए प्रभारी निरीक्षक कर्मवीर ने बताया कि पुलिस की एक टीम कैमलगढ़ मोड़ के नजदीक तैनात थी। इसी दौरान एक युवक पुलिस टीम को देखकर भागने का प्रयास करने लगा। इस पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम द्वारा शक के आधार पर एक युवक को पकड़ा गया। पकड़े गए युवक की तलाशी लेने पर उसके कब्जे से अवैध हथियार व दो कारतूस बरामद किए गए। पकड़े गए व्यक्ति की पहचान राजवंत निवासी कबलाना के तौर पर की गई है।

### हेरोइन सहित युवक गिरफ्तार, भेजा जेल

**सोनीपत।** क्राइम यूनिट कुंडली की पुलिस टीम ने मादक पदार्थ तस्करी के मामले में आरोपित को गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान सोमबीर पुत्र जगदीश निवासी बडवासनी हाल ऋषि कॉलोनी सोनीपत के रूप में हुई है। 23 अक्तूबर को सहायक उपनिरीक्षक मनोज पुलिस टीम सहित कामी रोड, सब्जी मंडी क्षेत्र में गश्त पर था, तभी सूचना मिली कि सोमबीर शुगर मिल के पास चिट्टा बेचने की फिराक में खड़ा है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपित को दबोच लिया।

## झज्जर रोड पर श्री श्री 108 सदानंद जी महाराज ने सुनाई श्रीमद्भागवत कथा

# कथा में दिखा भक्ति व ज्ञान का संगम

भजन मंडली ने सुंदर भजन सुनाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

शहर के झज्जर रोड पर पार्षद भीम सिंह प्रणामी के कार्यालय पर शुक्रवार को अध्यात्म और भक्ति के पावन संगम का अनोखा दृश्य देखने को मिला। विश्वविख्यात भागवत भास्कर संत शिरोमणि श्री 108 श्री सदानंद जी महाराज के पावन सानिध्य में 2423वें संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया गया। सत्संग परंपरा की अविरल कड़ी में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर पुण्य लाभ प्राप्त किया। कथा का शुभारंभ वेद मंत्रोच्चारण और मंगलाचरण से किया गया। श्री सदानंद जी महाराज ने कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण के जीवन से जुड़े विभिन्न प्रसंगों का अत्यंत भावपूर्ण वर्णन किया। उनके मधुर वचनों और भक्ति रस से सराबोर कथा ने उपस्थित श्रद्धालुओं को आत्मिक शांति का अनुभव कराया। संगीतमय कथा में भजन मंडली द्वारा प्रस्तुत किए गए भक्तिमय गीतों ने वातावरण को और अधिक दिव्य बना दिया। कथा के प्रत्येक प्रसंग पर भक्तगण हरे कृष्ण, जय श्री राधे और हरे राम के जयकारों से गूंज उठे। श्री सदानंद जी महाराज ने अपने प्रवचन में कहा कि मानव जीवन का उद्देश्य केवल भौतिक सुखों की प्राप्ति नहीं, बल्कि आत्मा के उत्थान और ईश्वर से एकत्व की प्राप्ति है। श्रीमद्भागवत कथा हमें धर्म, सत्य, प्रेम और करुणा का संदेश देती है।



बहादुरगढ़। भागवत कथा के दौरान भजनों पर झूमते भीम सिंह प्रणामी।

### भविष्य में धार्मिक आयोजन से समाज को किया जाएगा जागरूक

कथा के दौरान राजपाल शर्मा, सुनील कौशिक, ओमवीर राठी, दीपक प्रणामी, कांता सांगवान, जयवीर भारद्वाज, भूपेंद्र प्रणामी आदि उपस्थित रहे। पार्षद भीम सिंह प्रणामी ने सभी श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भविष्य में भी इस प्रकार के धार्मिक आयोजनों से समाज में अध्यात्मिक जागृति फैलाने का कार्य जारी रहेगा।

### प्रणामी के कार्यालय पर लगा नेत्र जांच शिविर



बहादुरगढ़। कैंप में लोगों की आंखें जांचते नेत्र रोग विशेषज्ञ ओमवीर राठी।

**बहादुरगढ़।** मनोनीत पार्षद भीम सिंह प्रणामी के कार्यालय पर नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शुक्रवार को इस शिविर में सैकड़ों लोगों ने पहुंचकर अपनी आंखों की जांच करवाई। शिविर में नेत्र रोग विशेषज्ञ ओमवीर राठी ने उपस्थित लोगों की आंखों की जांच की और उन्हें आंखों की देखभाल से जुड़ी उपयोगी जानकारी दी। राठी ने बताया कि बदलती जीवनशैली और स्क्रीन टाइम बढ़ने से नेत्र संबंधी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं, ऐसे में समय-समय पर जांच करवाना आवश्यक है। इस अवसर पर भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष राजपाल शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि समाज में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने के लिए ऐसे शिविरों का आयोजन सराहनीय कदम है। मनोनीत पार्षद भीम सिंह प्रणामी ने बताया कि पहले भी वे इस तरह के कैंप लगाते रहे हैं और भविष्य में भी ऐसे शिविर नियमित रूप से आयोजित किए जाएंगे, ताकि लोग समय रहते अपनी बीमारियों का पता लगा सकें। शिविर में भूपेंद्र प्रणामी, दुष्यंत काजला, डॉ. सुनील कौशिक, जयवीर भारद्वाज समेत अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। लोगों ने शिविर के सफल आयोजन के लिए पार्षद भीम सिंह प्रणामी का आभार व्यक्त किया।

## पोस्टमार्टम में खुलासा, हत्या कर नहर में फेंका था शव

**झज्जर।** दो दिन बीत जाने के बाद भी बाकरा हेड में मिले युवक के शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है। लेकिन पोस्टमार्टम के दौरान इस बात का पुष्टि हो गई है कि युवक की हत्या करने के बाद शव को नहर में फेंका गया है। पुलिस को चिकित्सकों ने बताया है कि उसकी पसलियां व रीढ़ की हड्डी टूटी हुई है। यह चोट पानी में गिरने की वजह से नहीं लग सकती। इसलिए स्पष्ट है कि उसकी हत्या की गई है। जिसके चलते पुलिस विभिन्न पहलुओं को देखते हुए मामले की जांच कर रही है और शव की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे है। बेरी थाना प्रभारी विकास का कहना है कि शव का रोहतक पीजीआई में पोस्टमार्टम करवाया गया है। जिसमें युवक की हत्या का पता चला है। पोस्टमार्टम रिर्पोट के आधार पर हत्या का मामला दर्ज किया जाएगा।

- पुलिस को चिकित्सकों ने बताया- पसलियां व रीढ़ की हड्डी टूटी हुई है, यह चोट पानी में गिरने की वजह से नहीं लग सकती

# एम्स तक सुविधाएं पहुंचाने के लिए प्रशासन ने उठाए कदम

## जिला प्रशासन और एम्स बाढ़सा प्रबंधन के बीच हुई समन्वय बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

राष्ट्रीय कैंसर संस्थान से जुड़े विभिन्न विषयों पर समन्वय स्थापित करने के लिए जिला प्रशासन और एम्स प्रबंधन की संयुक्त बैठक एम्स बाढ़सा में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता एम्स बाढ़सा के डायरेक्टर डॉ. संजय थुलकर ने की। जिला प्रशासन की ओर से डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल, डीसीपी मयंक मिश्रा सहित प्रशासनिक और विभागीय अधिकारी बैठक में शामिल हुए। बैठक में संस्थान से जुड़े विकासात्मक कार्यों, बुनियादी ढांचे, सड़क संपर्क, पेयजल, स्वच्छता और अन्य आवश्यक सुविधाओं से संबंधित विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।



झज्जर। मीटिंग में एम्स बाढ़सा के विषयों पर चर्चा करते डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल।

### संस्थान के विकास कार्यों को जल्द पूरा किया जाए

डीसी ने कहा कि एम्स बाढ़सा केवल हरियाणा ही नहीं, बल्कि पूरे देशभर से आने वाले कैंसर मरीजों को विश्वस्तरीय चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध करा रहा है। उन्होंने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि संस्थान के विकास और विस्तारीकरण से जुड़े सभी कार्यों को शीर्ष प्राथमिकता पर पूरा करें।

# कर्मचारी यूनियन ने दिया एचएसवीपी कार्यालय पर धरना

## कच्चे कर्मचारियों को ठेकेदार ने ईपीएफ व ईएसआई 12 नवंबर तक जमा करवाने का आश्वासन दिया




बहादुरगढ़। हशविप्रा कार्यालय पर धरना देते यूनियन से जुड़े कर्मचारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

हुडा जनस्वास्थ्य कर्मचारी यूनियन ने शुक्रवार को सेक्टर-9 स्थित एचएसवीपी कार्यालय पर धरना दिया। ठेकेदारों और अधिकारियों की कार्यशैली के विरोध में प्रदर्शन किया।

कच्चे कर्मचारियों के ठेकेदार ने ईपीएफ व ईएसआई 12 नवंबर तक जमा करवाने का आश्वासन दिया है, लेकिन अन्य मांगों को लेकर धरना जारी रहेगा। यूनियन के राज्य प्रधान रामकिशन नगर ने बताया कि एलसी सोसायटी के संजय व संदीप से बातचीत हुई।

ठेकेदार ने 12 नवंबर तक सभी कर्मचारियों के बकाया ईपीएफ तथा ईएसआई के पैसे उनके खातों में जमा करवाने का लिखित आश्वासन दिया है। संबंधित कनिष्ठ अभियंता ने भी लिखित आश्वासन दिया है कि कर्मचारियों के बूस्टिंग स्टेशन अथवा ट्यूबवेल पर 25 अक्टूबर के बाद जरूरी काम करवा दिया जाएगा। हालांकि कार्यकारी अभियंता अमित राठी किसी उच्च स्तरीय मीटिंग के कारण ना तो कार्यालय में आए और ना ही यूनियन पदाधिकारियों से बात की। ऐसे में शेष मांगे माने जाने तक यह धरना प्रदर्शन एचएसवीपी कार्यालय पर जारी रहेगा।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर रमन कुमार जून, रमेश कुमार, मदन मोहन नागर, अजीत सिंह, मनीष कुमार, जयप्रकाश, सन्नी, प्रदीप, विकास, राजेश, शुभम, रंजीत, लोकेश, महावीर नागर, टीनू मदान, समेश कुमार व सतीश कुमार शर्मा आदि मौजूद रहे।

# नशे, सड़क सुरक्षा और साइबर क्राइम को लेकर किया जागरूक



बहादुरगढ़। विद्यार्थियों को जागरूक करते इंस्पेक्टर सतीश कुमार।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

पुलिस द्वारा निजी स्कूलों में विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजित किए जा रहे हैं। इसमें इंस्पेक्टर सतीश कुमार ने विद्यार्थियों को नशा मुक्ति, यातायात नियमों और साइबर क्राइम से बचाव के विषय में विस्तृत जानकारी दी। सतीश कुमार ने नशे के दुष्प्रभाव समझाते हुए विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने की प्रेरणा दी। हमें दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करना चाहिए। उन्होंने यातायात नियमों का पालन करने के लिए विद्यार्थियों को जागरुक किया। वे अपने माता-पिता और अन्य परिजनों को भी यातायात के नियमों का पालन करने के लिए समझाएं। हेलमेट और सीट बेल्ट का उपयोग जरूर करें, निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाएं, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग ना करें।

### साइबर क्राइम से बचाव के बारे में दी जानकारी

इंस्पेक्टर सतीश कुमार ने विद्यार्थियों को साइबर क्राइम से बचाव के उपायों की जानकारी दी। इसके लिए अजनबियों से ऑनलाइन बातचीत न करें, पासवर्ड किसी से सांझा न करें, संदिग्ध लिंक या ईमेल पर क्लिक न करें, सोशल मीडिया पर अपनी निजी जानकारी सांझा करने से बचें और साइबर अपराध होने पर तुरंत पुलिस या साइबर हेल्पलाइन 1930 पर संपर्क करें।

# लाडो योजना में जल्द रजिस्ट्रेशन करवाएं महिलाएंः एडीसी

## 25 अक्टूबर तक जिन महिलाओं का रजिस्ट्रेशन होगा, उन्हें 1 नवंबर तक मिलेगी सहायता राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

शुक्रवार को एडीसी जगनिवास की अध्यक्षता में दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना को लेकर नगर परिषद कार्यालय में बैठक आयोजित की गई। बैठक में नप चेयरपर्सन सरोज राठी भी मुख्य रूप से मौजूद रहीं। नगर परिषद और ब्लॉक समिति सदस्यों से अपने-अपने क्षेत्रों में महिलाओं को इस योजना के तहत आवेदन करने के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया गया।

एडीसी जगनिवास ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में यह योजना महिलाओं के सामाजिक सुरक्षा और आर्थिक सशक्तिकरण के उद्देश्य से शुरू की गई है। योजना के तहत पात्र महिलाओं को प्रतिमाह 2100 रुपए की वित्तीय सहायता दी जाएगी। प्रारंभिक चरण में एक लाख रुपए तक वार्षिक आय वाले परिवार की महिलाएं योजना की पात्र हैं। उन्होंने कहा कि आवेदन नजदीकी सीएससी सेंटर, सीपीएलओ, या स्वयं अपने मोबाइल/कंप्यूटर के माध्यम से किया जा सकता है। इसके लिए हरियाणा रिहायशी प्रमाण पत्र, आधार से लिंक मोबाइल नंबर, परिवार के सभी सदस्यों की आधार आईडी, बिजली मीटर कनेक्शन नंबर, एचकेआरएन रजिस्ट्रेशन नंबर, परिवार के सभी वाहनों के रजिस्ट्रेशन नंबर और आवेदनकर्ता का बैंक खाता चाहिए। लाभार्थी को राशि सीधे उसके बैंक खाते में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से प्राप्त होगी। उन्होंने बताया कि सरकार ने बिजली बिल की अनिवार्यता को इस योजना से बाहर कर दिया है। चेयरपर्सन सरोज राठी ने कहा कि यह प्रयास महिलाओं को वित्तीय रूप से आत्मनिर्भर बनाएगा। सभी पार्षद अपने क्षेत्रों में पात्र महिलाओं के 25 अक्टूबर तक आवेदन कराएं, ताकि 1 नवंबर से योजना का लाभ मिलना शुरू हो सके। इस मौके पर सचिव प्रवीण कुमार, पालेराम शर्मा, हरिमोहन धाकरे, अश्वनी शर्मा, प्रवीण कुमार, कर्मबीर शर्मा आदि मौजूद रहे।



बहादुरगढ़। लाडो लक्ष्मी योजना को लेकर बैठक में जानकारी देते एडीसी।

### डीसी ने दिए लाडो लक्ष्मी योजना में पंजीकरण की गति बढ़ाने के निर्देश




झज्जर। वीसी में शामिल हुए डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल।

**झज्जर।** डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना के पंजीकरण कार्य की गति तेज करें। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में आरंभ की गई दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है और इसका लाभ हर पात्र महिला तक पहुंचाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इससे पहले डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल की अगुवाई में जिला प्रशासन के अधिकारी मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर और मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी की अध्यक्षता में आयोजित वीसी में शामिल हुए। वीसी उपरांत डीसी ने निर्देश दिए कि ग्रामीण क्षेत्रों में बीडीपीओ स्तर पर और शहरी क्षेत्रों में नगर परिषद अधिकारियों के माध्यम से विशेष पंजीकरण कैंप लगाए जाएं। वार्ड और गांव स्तर पर टीमें गठित कर अभियान मोड में पंजीकरण कार्य किया जाए ताकि अधिक से अधिक पात्र महिलाएं योजना का लाभ लेने के लिए पंजीकृत हो सकें।

## टूर्नामेंट के आयोजन में हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया

# स्टेट गेम्स को लेकर एचएयू के वीसी से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

हरियाणा ओलंपिक एसोसिएशन के उपाध्यक्ष एडवोकेट राकेश कोच ने रेसलिंग टूर्नामेंट को लेकर हिसार के चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के उपकुलपति प्रो. बीआर कंबोज से मुलाकात की। उन्होंने टूर्नामेंट के आयोजन में हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया।

हरियाणा ओलंपिक एसोसिएशन के उपाध्यक्ष एडवोकेट राकेश सांगवान कोच ने बताया कि हरियाणा में खेलों का सबसे बड़ा महाकुंभ 2 नवंबर से आयोजित होने जा रहा है। छह दिन चलने वाले स्टेट गेम्स का आगाज दो नवंबर को गुरुग्राम के टीडीएलएस एथलेटिक्स स्टेडियम में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी करेंगे। प्रतियोगिता में 7368 एथलीट हिस्सा लेंगे। इस प्रतियोगिता से नए खिलाड़ी उभर कर सामने आएंगे जो राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी चमक दिखाएंगे। नई दिल्ली व चंडीगढ़ के साथ साथ हरियाणा के आठ जिलों में विभिन्न खेल प्रतियोगिता होंगी।



बहादुरगढ़। प्रो. बीआर कंबोज से चर्चा करते डॉ. राकेश सांगवान कोच।

### पहलवानों को पूरा समर्थन देने का दिया आश्वासन

टूर्नामेंट की रूपरेखा समझने के साथ ही हिसार सीसीएसएचएयू के वीसी प्रो. बीआर कंबोज ने आश्वासन दिया कि विश्वविद्यालय हरियाणा के पहलवानों के लिए हर संभव सहयोग करेगा और टूर्नामेंट की सभी व्यवस्थाओं में साथ रहेगा। इस अवसर पर मीडिया सलाहकार सुरेंद्र आर्या, डॉ. कर्मल मलिक, संदीप सिंह, कप्तान सिंह और रोहन हुड्डा भी उपस्थित रहे।

# शूटिंग में अक्षय ने जीता सिल्वर मेडल

- 15 शूटरों ने दिसंबर में होने वाली नेशनल प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

देहरादून में आयोजित 44वीं नॉर्थ जोन शूटिंग चैंपियनशिप में बहादुरगढ़ की एमएस शूटिंग एकेडमी के 15 शूटरों ने भाग लिया। इन सभी शूटर्स ने दिसंबर में होने वाली नेशनल प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई कर लिया है। प्रतियोगिता में उत्तर भारत के 10 राज्य के शूटरों ने भाग लिया। अक्षय कुमार ने 10 मीटर सीनियर कैटेगरी में सिल्वर मेडल प्राप्त किया। उनके यहां पहुंचने पर एकेडमी संचालक सुनील राठी, कोच नीरज कुमार, दीक्षित छिल्लर, सुजीत, रीवान, अंकित शर्मा, आर्यन, हर्ष व अंकुश दलाल ने उनका स्वागत किया। सुनील राठी के अनुसार चेन्नई में होने वाली इंटर स्कूल चैंपियनशिप में गार्गी मुदगिल हरियाणा और मुदित यादव व उत्सव यादव दिल्ली राज्य की तरफ से भाग लेंगे।



बहादुरगढ़। प्रतियोगिता में शूटिंग करते अक्षय समेत अन्य शूटर।